## खबर संक्षेप

### सीतापार पांगड़ी में हुई अभासुलो कुनबी समाज की बैठक

**सौंसर।** अखिल भारतीय सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संगठन मध्यप्रदेश द्वारा गांव गांव मे समाज की बैठक के लेकर समाज को एक सूत्र में बांधने के कार्य किया जा रहा हैरविवार को ग्राम सीतापार पांगड़ी मे बैठक का आयोजन हुआ, बैठक की अध्यक्षता वयोवृद्ध हरिचंद बड़वाईक ने की। बैठक में शामराव धुंडे, फूलचंद मस्के, श्रीकृष्णा पातुरकर, शामदेव भक्ते, शंकरभाऊ धुंडे, धनराज नरांजे, राजू खंडाईत, प्रवीण खंडाईत, संदीप भक्ते,आदि थे। बैठक का शुभारंभ सती अनुसुया माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण तथा दिप प्रज्वलन के साथ किया,बैठक मे पूजा कापसे ने कहा कि समाज संगठन मे जीतनी भागीदारी पुरुष वर्ग की है उतनी ही भागीदारी महिला वर्ग की भी होनी चाहिए,महिलाओ को भी समाज संगठन की बैठकों मे अपना समय निकाल कर आने को कहा, बैठक को प्रतिक कापसे, जगदीश धुंडे, अंकित कापसे, दिनेश धुंडे, गणेश धुंडे, मोहित भानगे, दीपक बड़वाईक, के अलावा अन्य गांव से आये हुए युवाओ मे पवन भक्ते, तुकाराम गायधनी, पवन उपासे, एड. राहुल खंडाईत,महेश भक्ते, गणेश गौतम, रविंद्र रूंघे, मुकुल खंडाईत,फूलचंद मस्के, शामराव धुंडे ने विचार रखे,इस दौरान सुनील कापसे, ओम भानगे, श्रीराम धुंडे, के साथ साथ श्रीकृष्णा पातुरकर आदि थे,बैठक का संचालन श्रीकृष्णा धुंडे ने कि सुनील कापसे ने किया।

### शासकीय विद्यालयों में खेल गतिविधियों का किया गया आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य में भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 01 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक ''जनजातीय गौरव पखवाड़ा'' के अंतर्गत जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिलेभर में जनजातीय नायकों के बलिदान, संघर्ष और योगदान को याद करते हुए सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता आधारित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

## कलेक्टर ने की खाद वितरण एवं भावांतर योजना की समीक्षा

# फील्ड में सक्रिय रहकर मॉनिटरिंग करें अधिकारीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




रबी सीजन के सुचारू संचालन को लेकर कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा खाद वितरण एवं भावांतर भुगतान योजना की नियमित समीक्षा की जा रही है। सोमवार को भी उन्होंने कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में बैठक लेकर इसकी समीक्षा की और जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए सुचारु एवं पूरी पारदर्शिता के साथ वितरण के लिए जिला अधिकारियों को भी फील्ड में सक्रिय रहने एवं पुख्ता मॉनिटरिंग रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला उपार्जन समिति की बैठक कर धान के उपार्जन केंद्रों का निर्धारण भी किया गया।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी भावांतर भुगतान योजना श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, एसडीएम छिंदवाड़ा एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी छिंदवाड़ा सुधीर जैन व उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह, उपायुक्त सहकारिता जीएस डेहरिया, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती गंगा कुमरे, डीएम नान मुकुल त्रिपाठी, महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक श्री रैकवार सहित कृषि विभाग, सहकारिता, मार्कफेड एवं जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन द्वारा जिले में खाद की उपलब्धता, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रों एवं मार्केटिंग सोसायटी में उपलब्ध उर्वरक, प्रतिदिन वितरित उर्वरकों की मात्रा, जिले हेतु ट्रांजिट रैक कि जानकारी एवं सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल के विक्रय स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खाद वितरण में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी समितियाँ अपने-अपने क्षेत्र में पर्याप्त खाद का भंडारण सुनिश्चित करें और किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराएँ।

इसके लिए उन्होंने महाप्रबंधक जिला केंद्रीय सहकारी बैंक को आगामी रैक प्राप्ति के एक सप्ताह पहले ही समितियों में खाद की मांग और उपलब्धता के अनुसार समुचित प्लानिंग तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में उर्वरकों की रैक लगातार प्राप्त हो रही है, खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, इसका व्यापक प्रचार - प्रसार भी किसानों तक सुनिश्चित कराएं। महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक को निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित कराएं कि सभी समितियों में उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण रहे।

भावांतर भुगतान योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मध्यप्रदेश में भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल की विक्रय अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक नियत की गई है।

योजना केवल राज्य की अधिसूचित मंडियों में ही मान्य है। जिले की 3 अधिसूचित मंडियों के माध्यम से अभी तक 179 पंजीकृत किसानों द्वारा 3241.5 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय किया जा चुका है। 24 अक्टूबर से 6 नवंबर 2025 तक विक्रय करने वाले 130 पंजीकृत किसानों के लिये भावांतर मॉडल रेट 4020 रुपए प्रति क्विंटल है।

### 2003 की मतदाता सूची में जिनका नाम है उन्हें कोई परेशानी नहीं

# एसआईआर का समय बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

मध्य प्रदेश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन ( एस आई आर ) की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 4 दिसंबर तक चलेगी । इस अवधि को बढ़ाने के लिए नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने निर्वाचन आयोग से मांग रखी है । जिसके लिए उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन दिया है ।एस आई आर प्रक्रिया के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बी एल ओ ) घरों घर जाकर गणना पत्र के दे रहे हैं । जिसमें मांगी गई जानकारी भरकर मतदाताओं एक फॉर्म अपने पास रखना है और दूसरा बी एल ओ को देना है । इस प्रक्रिया के तहत 2003 की मतदाता सूची में जिनका नाम है उन्हें कोई परेशानी नहीं है , लेकिन जिनके नाम नहीं है और ऐसी महिलाएं जो विवाह होकर अन्य जिला या राज्य से आई हैं , उनके लिए थोड़ा मुश्किल है । नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर का कहना है , कि कई राज्य ऐसे हैं जहां एस आई आर चालू नहीं हुआ है । ऐसी स्थिति में वहां की मतदाता सूची से जानकारी निका लने में समय लगेगा । वहीं बी एल ओ के द्वारा पत्रक वितरण में भी देरी हुई है । इसके अलावा फार्म में अंकित जानकारी को लेकर भी लोगों में काफी कंफ्यूजन है , जागरूकता की कमी है । जिसके चलते ऐसा ना हो पात्र मतदाता भी समय अवधि की कमी के कारण जानकारी उपलब्ध न करा पाए और उसका नाम मतदाता सूची से हट जाए । इसलिए निर्वाचन आयोग को एस आई आर की समय अवधि बढ़ानी चाहिए , ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में आ जाए ।

# इंदौर, भोपाल और जनजातीय संभाग फाइनल में पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

विगत तीन दिनों से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कलेक्टर एवं प्रतियोगिता अध्यक्ष श्री हरेंद्र नारायन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार के संरक्षण एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल के मार्गदर्शन में स्थानीय ओलंपिक स्टेडियम हॉल में खेली जा रही राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। लीग प्रतियोगिता के दौरान खेले गए संघर्षपूर्ण मैचो के परिणाम के आधार पर इंदौर, भोपाल, जबलपुर और जनजातीय कार्य विभाग संभाग ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है । फाइनल मैच के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल, सहायक संचालक श्री डी.पी.डेहरिया, श्री पी.एल.मेश्राम ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। फाइनल मैच अभी खेले जा रहे हैं। 11 नवंबर 2025 को प्रातः 8:30 बजे से मध्यप्रदेश दल के गठन की चयन प्रक्रिया लोक शिक्षण संचनालय से नियुक्त फील्ड ऑफिसर एवं स्टेट ऑफिशियल की उपस्थिति में आयोजित की जायेगी । प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 11 नवंबर 2025 को शाम 3:30 बजे से आयोजित होगा।

### अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति के जिला अध्यक्ष बने श्याम साहू

**छिंदवाड़ा।** अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डल्लू कुमार सोनी ने पत्रकार श्याम साहू को छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। पत्रकार श्याम साहू अधिमान्य पत्रकार नेतृत्व समिति के अध्यक्ष आरएस वर्मा की अनुशंसा पर श्याम साहू का मनोनयन किया गया है । इस नियुक्ति पर छिंदवाड़ा जिले के पत्रकारों ने आभार व्यक्त किया है । श्री साहू ने इस मौके पर कहा कि वो पत्रकारों के हित के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।



### अब तक 4 लाख 23 हजार से अधिक गणना फॉर्म वितरित

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत गणना फॉर्म वितरण का कार्य तेजी से जारी है। जिले की पांचों विधानसभाओं में अब तक कुल 4,23,774 गणना फॉर्म घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा वितरित किए जा चुके हैं। यह कार्य 4 नवम्बर से प्रारंभ हुआ है, जो आगामी 4 दिसम्बर 2025 तक जारी रहेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिलेभर के बीएलओ मतदाताओं के घर जाकर गणना फॉर्म दे रहे हैं। इस दौरान वे प्रत्येक घर पर कम से कम तीन बार पहुंचकर दो प्रतियों में फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं।

# उप संचालक डॉ.पक्षवार ने किया विकासखंड परासिया, जुन्नारदेव व तामिया का भ्रमण

**छिंदवाड़ा।** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा आज जिले के तीन विकासखंडों परासिया, जुन्नारदेव एवं तामिया का भ्रमण किया गया। सर्वप्रथम विकासखंड परासिया के जनपद सभाकक्ष में पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री एवं गौसेवकों को कृत्रिम गर्भाधान की प्रेक्टिकल ट्रेनिंग दी गई, जिसमें ऑनलाइन कार्य एवं कृत्रिम गर्भाधान कैसे करना है के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया । साथ ही दिये गये लक्ष्य को पूर्ण करने के लिये प्रतिदिवस ऑनलाइन कार्य समय पर पूर्ण किये जाने के लिये निर्देश दिये गये । इसके बाद उप संचालक डॉ.पक्षवार द्वारा विकासखण्ड जुन्नारदेव के डॉ.भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के चयनित दो हितग्राहियों संदीप पिता मंगल यदुवंशी ग्राम तेलीवट एवं भरत पिता कैलाश यदुवंशी ग्राम खैरवानी की जमीन का सत्यापन एवं डेयरी शेड बनाने के लिये जमीन का भौतिक सत्यापन किया गया ।



### रथ यात्रा का आज छिंदवाड़ा जिले में होगा भव्य स्वागत

**छिन्दवाड़ा।** जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा (1 से 15 नवम्बर 2025) के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भोपाल से प्रारंभ की गई "जनजातीय गौरव रथ यात्रा" 11 नवम्बर 2025 को छिंदवाड़ा जिले में प्रवेश करेगी। यह रथ यात्रा भोपाल, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, तामिया होते हुए छिंदवाड़ा पहुंचेगी। भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन, उनके आदर्शों एवं जनजातीय समाज के योगदान के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से यह रथ यात्रा पूरे प्रदेश में संचालित की जा रही है। छिंदवाड़ा जिले में रथ यात्रा का प्रवेश 11 नवम्बर 2025 को जुन्नारदेव मार्ग से होगा। यात्रा का स्वागत जिला प्रशासन, जनजातीय कार्य विभाग, स्थानीय निकायों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों तथा नागरिकों द्वारा किया जाएगा। रथ यात्रा के आगमन अवसर पर छिंदवाड़ा जिले में जनजागरूकता रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आदिवासी समाज के प्रतिनिधि, छात्रावासों एवं आश्रमों के विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन तथा नागरिकजन भाग लेंगे।

### महापौर ने की भोपाल में मुख्यमंत्री से मुलाकात



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम के महापौर विक्रम सिंह अहके ने आज भोपाल में माननीय मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान न्होंने शहर में पूर्ण हुई 195 करोड़ रुपये की सीवेज परियोजना के लोकार्पण से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। महापौर अहके ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस परियोजना के पूरा होने से शहर के नागरिकों को स्वच्छता, जल निकासी एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को परियोजना के तकनीकी एवं सामाजिक महत्व से अवगत कराया और इसके लोकार्पण हेतु समय निर्धारण का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार शहरी विकास और स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 195 करोड़ रुपये की सीवेज परियोजना का लोकार्पण शीघ्र किया जाएगा, जिससे शहर को आधुनिक सीवेज प्रणाली का लाभ मिलेगा।

# बच्चों ने बिरसा मुंडा के जीवन पर दी प्रस्तुतियां

### नगर पालिका परिषद ने किया आयोजन, मुख्य अतिथियों ने किया पुरूस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर पालिका परिषद कार्यालय में वन्दे मातरम् राष्ट्रीय गीत व भगवान बिरसा मुंडा जयंती के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मिली जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम् ओर जनजातीय क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से दिनांक 15 नवंबर को धरती आभा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को वर्ष 2021 से जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 150वीं जयंती अवसर पर 1 नवंबर से 15 नवंबर तक मनाये जाने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत सोमवार को नपा कार्यालय परिसर में गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं स्कूल राज्यशिक्षा मंत्री नाना मोहोड़, मोरेश्वर मर्सकोले पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा,नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे,मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवार, पार्षद रामकृष्णा राउत, श्रीमती शीतल दिलीप हेड़ाऊ, श्रीमती अर्चना दिगम्बर वरुड़कर,भूमेश्वर तरारे, एड रविशंकर धुर्वे, प्रशांत ठाकरे, श्रीमती संगीता खुशाल उफाट, आदि उपस्थित थे, कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिनमें शास.उ.मा.कन्या विद्यालय सौंसर व बालक आदिवासी छात्रावास सौंसर के छात्र-छात्राओं ने आदिवासी लोक नृत्य के माध्यम से बिरसा मुंडा की वीरता का चित्रण किया,छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य और जनजातीय गौरव के संरक्षण के प्रति समर्पण के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बानाबाकोड़ा में श्री समर्थ रामजी बाबा का जन्मोत्सव मनाया

**सौंसर।** बानाबाकोडा में विदेही संत समर्थ रामजी बाबा महाराज जी का २४० वाँ पावन जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया,रविवार को घटस्थापना एवं भजन संध्या के साथ में कार्यक्रम काहरि भक्त परायण सुनील महाराज सालोटकर,हरि भक्त परायण लक्ष्मण महाराज सकरडे कि चंद्रभान डहाके, की उपस्थिति में शुभारभ किया गया, सोमवार को कालाचे कीर्तन और महाप्रसाद वितरण के साथ में कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन अवसर एवं काल्याचे कीर्तन में प्रवचन देते हुए हरिभक्त परायण आशीष महाराज चटप महाराज ने श्री समर्थ रामजी बाबा के जीवन के संबंध में जानकारी के साथ ही काल्याचे कीर्तन का महत्व समझाते वह कहा कि तीर्थ क्षेत्र बानाबाकोड़ा में समर्थ रामजी बाबा का प्रतिवर्ष यह आयोजन क्षेत्र की सुख समृद्धि ऐश्वर्य के लिए लाभकारी है, इस आयोजन के माध्यम से भगवान की भक्ति भाईचारा बढ़ता है। समापन पर महाप्रसाद वितरण में बड़ी संख्या में बानाबाकोड़ा के अलावा अन्य ग्रामों से श्री समर्थ राम जी बाबा के समर्थकों एवं भक्तों ने पहुंचकर पुण्य लाभ लिया,आयोजन में हरि भक्त परायण चिंधबाजी महाराज सरोदे,रामभाऊ ठाकरे,गनपतवजी सरोदे,रेवाराम महाराज पांडे,राधेश्याम महाराज यमदे आदि थे।

# कलेक्टर ने की एसआईआर कार्य में प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना फॉर्म वितरण का कार्य जारी है। यह कार्य 4 नवंबर से शुरू हो गया है, जो 4 दिसंबर तक चलेगा। इस कार्य की समीक्षा के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायन ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सभी विधानसभा क्षेत्रों के एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह व संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ज्योति ठाकुर सहित जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों छिंदवाड़ा, परासिया, चौरई, अमरवाड़ा, जुन्नारदेव के एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायन ने विधानसभावार मतदाताओं की मैपिंग, गणना फॉर्म्स की प्रिंटिंग, बीएलओ को वितरण एवं बीएलओ द्वारा मतदाताओं को वितरण कार्य की गहन समीक्षा की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र चौरई में मैपिंग और वितरण में हुए कार्य की प्रगति की सराहना की और शेष सभी विधानसभाओं को भी गति के साथ मतदाताओं की मैपिंग और गणना फॉर्म वितरण का कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी एसडीएम को कल बीएलओ की बैठक कर एक-एक बीएलओ के कार्य की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्देशित किया है कि बीएलओ को गणना फॉर्म प्राप्त होने के बाद सुनिश्चित कराएं कि उसके द्वारा आगामी 3 दिवस में शत-

# नो एंट्री का सिस्टम ही नहीं तो कैसे सुधरे यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




परासिया शहर में सुगम और व्यवस्थित यातायात की समस्या लंबे अरसे से बनी है । सड़क तक फैली दुकानें , बेतरतीब सड़क पर खड़े वाहन , ऊपर से भारी वाहनों का पूरे समय प्रवेश , नो एंट्री का सिस्टम ही नहीं तो फिर यातायात कैसे सुधरेगा ।शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर करने के लिए सैकड़ों बार प्रयास किए गए , कई बार सड़क तक फैली दुकानें हटाई गई , कई बार सवारी वाहनों को हड़काया गया , हिदायतें दी गई , भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर कोई समय निर्धारित नहीं किया गया । जिसके चलते दिन भर भारी वाहन शहर में प्रवेश करते हैं , जिससे यातायात और सघन हो जाता है । दिनों दिन सड़क पर चलने वाले वाहनों की संख्या बढ़ रही है । पूरे शहर में पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है । दुकानों में आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क पर खड़ा करते हैं , जिससे सड़क अपने मूल आकार से सकरी हो जाती है । इसी दौरान जब - जब कोयले से भरे डम्पर , 10, 12 और 16 चक्का वाहन गुजरते हैं , तब - तब जाम की स्तिथि बनती है । ऐसा एक दिन नहीं रोज देखने को मिलता है । परासिया में यातायात को सुगम बनाने के लिए नो एंट्री का सिस्टम लागू होना , इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है ।

### अब स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम के पर्यटकों ने लिया जीवन का आनंद

# विदेशी मेहमानों को भा रहे हैं छिन्दवाड़ा के होम स्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सतपुड़ा की वादियों में जब पहाड़ों की हवा में महकती मिट्टी की सुगंध घुलती है और ढोल-मांदर की ताल पर गांव जाग उठता है, तब सावरवानी जैसे छोटे से गांव में खुशियों की दास्तान लिखी जाती है। यही दास्तान अब विदेशी मेहमान भी अपने दिल में संजोकर ले जा रहे हैं।

छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्राम सावरवानी में स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम से आए पर्यटकों ने पिछले चार दिन ऐसे गुजारे, मानो बचपन की सादगी फिर से लौट आई हो। झिरपा के हाट में उन्होंने ग्रामीणों के संग हंसी-ठिठोली की, साड़ी और स्कार्फ खरीदे, सिंघाड़े और देसी मिठाई का स्वाद चखा और बैलगाड़ी की सवारी करते हुए गांव की गलियों में घूमे।

यहां के होमस्टे सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि भावनाओं का ठिकाना हैं। मक्के की रोटी, बैंगन का भरता और खीर का स्वाद उनके लिए किसी पांच सितारा भोजन से कम नहीं था। गांव की औरतों की मुस्कान, बच्चों की मासूम हंसी और मिट्टी के घरों की सुगंध ने उन्हें अपना बना लिया। मिट्टी की खुशबू, पगडंडी की चाल, सावरवानी में सजी है अपनेपन की मिसाल। परदेसियों ने यहां पाया अपना जहां, देसी दिलों ने लिख दी खुशियों की दास्तां कलेक्टर हरेंद्र नारायन और सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार के मार्गदर्शन में सावरवानी को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया गया है। स्वच्छता, बिजली, पानी और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों ने इसे न केवल आकर्षक बनाया है, बल्कि आत्मनिर्भर भी।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और विलेज वे के सहयोग से यहां के होमस्टे अब सांस्कृतिक धरोहर बन चुके हैं, जहां हर ईंट में अपनापन है और हर आंगन में अतिथि देवो भवः की परंपरा जीवित है। सावरवानी में बीते इन चार दिनों ने विदेशी मेहमानों को सिर्फ प्रकृति नहीं, बल्कि भारत की आत्मा से मिलवाया और इस मिलन ने एक नई "खुशियों की दास्तां" लिख दी।

## पाईप लाईन बिछाने नपाध्यक्ष ने किया सर्वे

# मंधान का पानी पाईप लाईन से पहुँचेगा मंगली बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया शहर से उंचाई पर बसे पांच वार्डों की पानी की समस्या खत्म करने के लिए कवायद शुरू हो गई है । सोमवार को मंगली बाजार तक पाईप लाईन से मंधान बांध का पानी पहुँचाने वाली पाईप लाईन को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने सर्वे किया । पूरे शहर में नौ किलोमीटर पाईप लाईन डाला जाना है । मंगली बाजार तक पाईप लाईन पहुँचने से यहां की पानी की समस्या खत्म हो जाएगी ।गौरतलब है , कि परासिया में पानी की टंकी विवेकानंद पार्क में है । इस टंकी से वार्ड क्रमांक 17 , अठारह , उन्नीस , बीस और इक्कीस उंचाई पर बने है । इसके कारण टंकी पूरी भरने पर भी यहां पानी नहीं पहुंच पाता । मंगली बाजार में रानी लक्ष्मीबाई स्कूल के समीप एक अंडर ग्राउंड टैंक बना है । इससे पानी की सप्लाई होती है । लेकिन इससे समस्या का समाधान नहीं हुआ । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया , कि इन वार्डों की समस्या खत्म करने के लिए अमृत टू योजना से एक ओवर हेड टैंक बनाया जा रहा है । इसमें मंधान बांध का पानी पाईप लाईन से लाया जाएगा । 21 करोड की इस योजना से पानी की समस्या खत्म होगी । आज इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय के साथ उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर , सभापति शशि सतनामी , संबंधित वार्ड पार्षद सावित्री वर्मा , पूनम कैथवास, प्रतिभा सोनी उपस्थित रहे ।

## मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से नगर में पांच करोड के होंगे काम, वार्ड 18 और 19 में नाली निर्माण का काम शुरू



**परासिया** :- मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से नगर पालिका द्वारा नगर में पांच करोड के काम किए जाने है । इस योजना से परासिया के वार्ड क्रमांक अठारह और 19 में नाली निर्माण का काम पूजन कर शुरू किया गया । दोनो वार्ड में नाली बनने से नागरिकों की समस्या का समाधान होगा ।नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर , सभापति शशि सतनामी ने पूजन कर काम प्रारंभ कराया । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि इस योजना से बडे काम किए जाने है । वार्ड तेहर में मयूर वन मार्ग पर नाले में स्लैब कलवर्ट, डा ठाकुर के पीछे के नाले में स्लैब कलवर्ट का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा स्टेशन रोड निर्माण, अन्य सडकों और नालियों का निर्माण होगा। वार्ड क्रमांक एक और दो में काम किया जा चुका है ।

## पीएम को ब्रिटेन से 400 टन सोना वापस बुलाने के लिए लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नोबेल पुरस्कार नॉमिनी सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर ब्रिटेन से 400 टन सोना वापस बुलाने की प्रार्थना की । पत्र में बताया कि हमारा देश पहले सोने की चिड़ियि हुआ करता था । सन 1026 में महमूद गजनवी ,13 वी शताब्दी में अलाउद्दीन खिलजी , सन 1395 में जफर खान ने सोमनाथ मंदिर पर तोड़ फोड़ कर सैकड़ों टन सोना लूटकर ले गए । सन 1526 में मुगल साम्राज्य की शरुआत हुई । इसके बाद अंग्रेजों का शासन आया । इतिहासकारों और ऑक्समेन की रिपोर्ट अनुसार सन 1765 से 1938 के बीच अंग्रेजों ने 400 टन सोना ब्रिटेन ले गए । सन 1026 से लेकर 1938 तक विदेशी आक्रांताओं ने देश को खूब लुटा । 1947 में हम आजाद हुए । पर लूट का क्रम जारी रहा । हमारे माननीयों ने लगभग 37 लाख करोड़ रुपये स्विस बैंक में रख दिये । जिसे हम कालाधन कहते हैं । सन 2014 में इसी कालाधन के नाम पर NDA की सरकार सत्ता में आई । सभी भारतीयों को 15 - 15 लाख रुपए देने का लालच दिया गया । सत्तारूढ़ सरकार कालाधन तो वापस नही लाई । पर NDA की वर्तमान सरकार ने विश्व पटल पर बहुत बढ़िया काम किया है आम लोग खुश है । जो 400 टन सोना अंग्रेज लूटकर ले गए उसे वापस लाया जा सकता है । अंतर्राष्ट्रीय नियम अनुसार सोना ( खजाना ) राष्ट्रीय सम्पत्ति के अंतर्गत आता है । इसे स्थानांतरित नही किया जा सकता । द्वितीय विश्व युद्ध के समय ब्रिटेन भुखमरी का शिकार हो गया था । वहां के हालात बहुत दयनीय थे ।

## पांच दिवसीय मढ़ई मेले का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

श्री जयकुमार नागवंशी के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के उपलब्ध पर छिंदवाड़ा जिले के नेर जमुनिया का छोटा महादेव में लगा विशाल मेला 5 दिवसीय मढ़ई मेला का समापन भव्यता के साथ दिनांकः 9/11/2025 दिन रविवार को संपन्न हुआ । श्री जयकुमार नागवंशी ने बताया कि पारंपरिक विशाल मेले में सुबह से ही आसपास के क्षेत्रों सहित छिंदवाड़ा, पांढुरना, सौसर, मोहखेड़, अमरवाड़ा, परासिया, तामिया, जुन्नारदेव, चौरई, हर्रई , बिछुआ एवं अन्य जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और श्रद्धालुओं ने किया पूजन अर्चन भगवान शंकरजी एवं लटूरिया बाबा जी एवं अन्य देवी देवताओं की पूजन अर्चन कर दर्शन किए एवं गंगाजल का आनंद लिए और पुण्य लाभ प्राप्त किए हैं ।स्थानीय मानता हैं, कि यहां पर हर साल मेला भी लगता है, और श्रद्धालु ने मेले में अपनी रुचि के अनुसार जमकर खरीदारी भी किए । गौरतलब है कि छिंदवाड़ा जिले के नेर जमुनिया का छोटा महादेव में दिनांकः 5 नवंबर 2025 से 9 नवंबर 2025 दिन रविवार को मेला भव्यता के साथ संपन्न हुआ,जिसमें दूर दराज की आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जिसमें श्री छोटा महादेव मंदिर समिति द्वारा मेले में आप सभी आए श्रद्धालुओं का स्वागत किया ।

## जिला जेल में हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025 का शुभारंभ विधिक सेवा दिवस के अवसर पर माननीय श्री सुशांत हुद्दार साहब प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा की गरिमामयी उपस्थिति में जेल बंदियों के लिए ''बंदियों के अधिकार एवं पुर्नवास प्रक्रिया एवं निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता'' के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बंदियों को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बंदियों के जेल में निरूद्ध होने पर भी उनके मौलिक एवं मानवीय अधिकार यथावत रहते हैं, जिसमें अच्छा भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं, निःशुल्क कानूनी सहायता सहित अन्य अधिकार सम्मिलित हैं और यह अधिकार बंदियों को उपलब्ध कराना जेल प्रशासन सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा न्याय प्रशासन का भी दायित्व है। आपने बंदियों को अवगत कराते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स एवं पैनल लायर्स के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। समय-समय पर स्वयं प्रधान जिला न्यायाधीश जेल का निरीक्षण कर जेल प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हैं। किसी भी बंदी को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो वे जेल प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत करा सकते हैं। शिविर के दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स छिंदवाड़ा के द्वारा विधिक सहायता प्राप्त बंदियों को उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी गई।

## नशे से दूर रहने की छात्रों को दी सलाह



**छिंदवाड़ा।** छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देने के लिये छिंदवाडा के वार्ड क्रमांक 16 महात्मा गांधी वारड के शासकीय हाई स्कूल अजनिया मे अध्ययन रत छात्रो जनो मे जागरूकता लाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आश्रयवी वेलफेयर फाऊण्डेशन (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) के द्वारा किया गया । इस अवसर पर मध्यप्रदेश आश्रयवी वेलफेयर फाऊंडेशन के राज्य संजय साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को ,बताया की तम्बाकू का नशा का सेवन एक सामाजिक बुराई के रूप मे फैल रहा है, जो व्यक्ति को धीरे से अपने शिकंजों में जकड़ लेता है तथा उसको शारीरिक एवं मानसिक रूप से बीमार बना देता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार बिखर जाता है साथ ही बच्चो की शिक्षा व प्रगति रुक जाती है विषय से अवगत कराया । परामर्श दाता श्यामल राव ने कहा की नशे की लत से दूर रखने के लिए उपस्थित छात्रो से कहा कि वे अपने- क्षेत्र को नशा से मुक्त करने एवं नशीले पदार्थों से दूर रखने की सलाह दे। आज अधिकांशतः युवाओं के साथ महिला व पुरूषो मे भी नशे का बुरा प्रभाव पड़ रहा हे , नशा एक शोक नही बल्कि प्रतिदिन की दिनचर्या मे ही आ गई हे जिससे व्यक्ति के शरीर को खराब कर रही हे ,इससे हम सबको बचकर अपने परिवार को भी सुरक्षित करना होगा । नशीली पदार्थों मे तम्बाकू, गांजा ,अफीम, शराब जिसके सेवन से मानव के जीवन के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा हे, इनसे हम बचे , उदबोधन उपरांत उपस्थित छात्रो के लिए नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित रोचक प्रश्नोत्तरी की गई।

## किरनापुर क्षेत्र से सांसद प्रतिनिधि मनोनीत हुए चुमेश लिल्हारे



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** सांसद श्रीमती भारती पारधी ने पुराने विधानसभा क्षेत्र किरनापुर के सांसद प्रतिनिधि के रूप में चुमेश लिल्हारे पिता स्व. तुकाराम लिल्हारे को मनोनित करते हुए उन पर अपना भरोसा जताया है। वर्तमान में चुमेश लिल्हारे देश की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी भारतीय जनता पार्टी के समर्पित, कर्मठ व जुझारू कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं।

आपको बता दे मनोनीत करने के बाद से अब वे पुराने किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि के रूप में शासकीय कार्यालयों की समीक्षा बैठकों सहित विभिन्न आयोजनों में सांसद महोदया का प्रतिनिधित्व करते हुए हिस्सा लेंगे। चुमेश लिल्हारे ने हमे बताया कि सम्मानीय लोकप्रिय सांसद भारती पारधी जी की दूरदर्शिता है कि वे लगातार बेहतर काम करते हुए जिले के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सांसद प्रतिनिधि के तौर पर काम करते हुये मैं हमेशा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये उन्हें अवगत कराता रहूंगा और मुझे पूरा विश्वास है कि मेरी विकास की अवधारणा को भारती पारधी जी मूर्त रूप देने का काम करेंगी। उन्होंने मुझे अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया उसके लिए मैं उनका धन्यवाद,, आभार व्यक्त करता हूँ । क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राह ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चुमेश लिल्हारे जी पार्टी के समर्पित,कर्मठ और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति से पुराने विधानसभा छेत्र किरनापुर में भाजपा की गतिविधियों को और सम्बल मिलेगा सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई।

## विधायक पटेल ने किया पुरुस्कृत, ग्राम बिठली में पट प्रतियोगिता का हुआ समापन

# ग्राम कौलीवाड़ा की बिजली नंदी बैल जोडी रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



विधानसभा क्षेत्र वारासिवनी-खैरलॉजी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगॉवखुर्द के ग्राम बिठली में दो दिवसीय पट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ की 20 से अधिक प्रतिभागी बैल जोडिय़ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के फाईनल मैच में कौलीवाड़ा की बिजली नंदी बैल जोड़ी ने प्रथम स्थान, बरघाट की राजा चमचम बैल जोड़ी ने द्वितीय स्थान और ललित लिल्हारे खैरी की काम्या भोला बैल जोड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता बैल जोड़ी के मालिकों को विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते 21 हजार रुपये, 16 हजार रूपये और 14 हजार रुपयों की नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पट हो राजनीति अपना स्थान नहीं छोडऩा चाहिए-विवेक पटेल

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि पट प्रतियोगिता हमारी संस्कृति को उजागर करती हैं। इसके लिए किसान अपने पशुओं की अच्छी देखभाल करते हैं। बालाघाट सहित आसपास के जिलों में कृषि कार्य खत्म होने के बाद पट प्रतियोगिता का आयोजन का प्रचलन है, ऐसे में किसान पट प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। जिसमें दूर-दूर से शौकीन किसान अपने बैलों को लेकर आते हैं। यह पट प्रतियोगिता बेहद पुरानी परम्परा है, इसमें किसान अपनी खरीफ की फसल का काम करके मनोरंजन के तौर पर इस प्रतियोगिता को आयोजित करते हैं। इसमें किसान अपने बैलों को तैयार करते हैं, इस तरह की प्रतियोगिता लगभग हर गांव में होती हैं। इस प्रतियोगिता में किसान भाई आपस में मिलते है और भाईचारा बना रहता है। पट में जोड़ी जीतती हैं, तो सवार का बहुत बड़ा महत्व रहता है। जो सवार अपना दान नहीं छोड़ता हैं, वो हमेशा जीतता है, पट हो या जीवन हो, अपना स्थान नहीं छोडऩा चाहिए, अनुशासन से लडऩा चाहिए। खेती के लिए ट्रैक्टर आ गए है, इसलिए खेती के लिए बैलों की कमी हो गई है। हम चाहते हैं कि किसान अपने पशुओं को बचाए रखे, हमारे गांव की शान पशु ही है।

इस दौरान सरपंच फागूलाल मरठे, पूर्व सरपंच सालिकराम राऊत, अंकित बिसेन, देवाजी भगत, सत्तू बिसेन, संदेश बिसेन, दमनसिंह राहंगडाले, क्रांति बिसेन, प्रतीक पटले, अभिषेक बिसेन, तेज प्रताप बिसेन, किशोर चौधरी, दीनदयाल भगत, भोजेंद्र बिसेन सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## तिरोड़ी पुलिस पर फिर उठे सवाल

# बाइक चोरी के आरोपी को बचा रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

पुलिस का काम चोरों को पकड़ना और उन्हें न्यायालय से सजा दिलवाने का है। लेकिन बालाघाट जिले की तिरोड़ी थाना पुलिस पर आए दिन आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप सामने आ रहे है। अब ताजा मामला बाइक चोरी के आरोपी को बचाने से जुड़ा हुआ है। तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हनी के निवासी रूपेश जनबंधु ने पुलिस पर यह आरोप लगाया है कि पुलिस बाइक चोरी के आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सोमवार की सुबह साढ़े 09 बजे रूपेश ने जानकारी देते हुए बताया कि सौरभ पिता गोपीचंद मेश्राम ने 30 अगस्त को उसकी बाइक क्रमांक एमएच 36एक्यू 2471 चोरी कर ली। रुपेश बताते है कि सौरभ उन्हीं के पास



ड्राइवर था जो 30 अगस्त को ही काम छोड़कर गया था उसी दिन से बाइक भी गायब थी पतासाजी करने पर पता चला कि सौरभ ने वीरेन्द्र हरिनखेड़े नाम के युवक को 80 हजार रुपए में उसकी बाइक बेच दी। रुपेश ने बताया कि उन्होंने 5 अक्टूबर को थाने में शिकायत दर्ज करवाई लेकिन आज तक पुलिस ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की है।

## प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद नहीं हुई तालाब की सफाई

# गंदगी के अंबार से सरोबार गणेशी तालाब

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर के हृदय स्थल और नगर परिषद के ठीक सामने स्थित गणेशी तालाब हमेशा ही अपनी बदहाली और अनदेखी के लिये आंसू बहाता रहा है। नगर परिषद लांजी के जिम्मेदार हमेशा ही इस तालाब की खूबसूरती में दाग लगाते आए है चाहे वह इसके सिकुडऩे का कारण हो या इसके सीमांकन की कार्यवाही हो या फिर इसमें लगातार इसकी पार पर बैठे व्यवसायियों के घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाली गंदगी या चौपाटी के दुकानदारों द्वारा रोज रात के अंधेरे में फेका जाने वाला कचरा हो। हर तरह से गणेशी तालाब को बर्बादी की कगार पर धकेला जा रहा है। वहीं अब जब वर्ष के सभी धार्मिक कार्यक्रम समाप्त हो चुके है और देवी देवताओं की प्रतिमा विसर्जन हुए भी लगभग एक माह का समय बीत रहा है नगर परिषद की अनदेखी के चलते मूर्ति विसर्जन के बाद भी प्रतिमाएं तालाब में पड़ी हैं, जिससे जल प्रदूषण होता है और जल संसाधनों का अपमान होता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिमाओं का विसर्जन गणेशी तालाब में किया गया है। लांजी नगर में स्थित गणेशी तालाब में प्रतिमाओं के विजर्सन के बाद मिट्टी गल जाने के बाद तालाब के ऊपर पैरा, लकड़ी, बांस व मूर्ति निर्माण में लगी अन्य सामग्रियों से तालाब का पानी गंदा नजर आ रहा है। नगर परिषद द्वारा अब तक तालाब की सफाई नहीं की गई है। जिसके कारण आने वाले दिनों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नगरवासियों ने बताया कि मोहल्ले के गणेशी तालाब की पहले से ही सफाई की जरूरत है, तालाब का पानी पहले से ही प्रदूषित है। घाट के आसपास की सफाई स्वयं कर आसपास के लोग इस तालाब के पानी का उपयोग नहाने आदि के लिए करते हैं। प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद तालाब की सफाई नहीं होने से पैरा, लकड़ी आदि के सामग्रियों के सडऩे से तालाब का पानी प्रदूषित होगाए जिसके पानी जनित बीमारियों के फैलने की संभावना भी है।

**अत्यधिक प्रदूषित हो गया है गणेशी तालाब:** नगर के प्रमुख तालाबों में से एक गणेशी तालाब अत्यधिक प्रदूषित हो गया है। लंबे समय से इस तालाब की सफाई व गहरीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक तालाब की सफाई नहीं की गई है। जिससे तालाब का पानी अत्यधिक प्रदूषित हो चुका है। लंबे समय से तालाब की सफाई व गहरीकरण का कार्य नहीं होने के कारण तालाब में दलदल की मात्रा बढ़ गई है। कृष्ण जन्माष्टमी से लेकर दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन तक गणेशी तालाब मे अब तक हजारों की संख्या में प्रतिमाओ का विसर्जन किया जा चुका है। इस तालाब में छोटी से लेकर बड़ी गणेश मूर्तियों का भी विसर्जन हुआ।

नगर परिषद की लापरवाही का आलम यह है की तालाब की सुंदरता पर पूरी तरह ग्रहण लग चुका है परंतु जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर बिल्कुल नहीं है। विसर्जन के बाद पूरा तालाब गंदगी से पट गया है। तालाब के एक तरफ घाट पर बेतरतीब ढंग से विसर्जन का कचरा पड़ा है।

### इनका कहना है

मुझे इस संबंध में पहले से ही जानकारी है गणेश विसर्जन के बाद भी हमारे द्वारा तालाब की सफाई कराई गई थी। अभी जो प्रतिमाओं की लकड़ी या भूसा पूरी तरह मिट्टी से अलग हुआ नहीं है जिसके कारण नगर परिषद इस कार्य के लिये रूकी हुई है। लकड़ी और भूसे से मिट्टी के अलग होते ही तालाब की सफाई करा दी जाएगी जिसके लिये कर्मचारियों को निर्देश दिये जा चुके है। वहीं चौपाटी के दुकानदारों को भी स्वच्छता का ध्यान रखने हिदायत दी जाएगी।

**मयूर वाहने, सीएमओनगर परिषद, लांजी**

## चीन, कनाडा और पाकिस्तान को शत्रु राष्ट्र घोषित करने की मांग

### संयुक्त कांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज लांजी।

संयुक्त कांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने राष्ट्रपति को एक पत्र लिखकर चीन, पाकिस्तान और कनाडा को शत्रु राष्ट्र घोषित करने की मांग की है।

श्री समरीते ने अपने पत्र में कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कई युद्ध हुए हैं और चीन ने भी भारत की जमीन पर कब्जा किया है। इसके अलावा, कनाडा ने खालिस्तान आंदोलन को समर्थन दिया है, जो भारत के लिए खतरा है।

श्री समरीते ने कहा कि भारत सरकार ने अभी तक इन देशों को शत्रु राष्ट्र घोषित नहीं किया है, जो एक गंभीर मामला है। उन्होंने



राष्ट्रपति से मांग की है कि वे भारत सरकार को इन देशों को शत्रु राष्ट्र घोषित करने के लिए निर्देश दें।

इस पत्र की प्रतिलिपि माननीय प्रधानमंत्री महोदय, भारत सरकार, माननीय रक्षा मंत्री, भारत सरकार, केबिनेट सचिव, भारत सरकर, प्रमुख सचिव, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, सचिव, केन्द्रीय गृह मंत्री, भारत सरकार, सचिव, पेंशन कार्मिक जन शिकायत एवं ट्रेनिंग मंत्रालय, भारत सरकार, माननीय नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा, माननीय नेता प्रतिपक्ष, राज्यसभा को भेजी गई है।

## सावंगी में पंवार समाज का सम्मेलन सम्पन्न

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सावंगी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पंवार समाज का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ पंवार समाज की कुल देवी मां गढक़ालिका, मां सरस्वती एवं पंवार क्षत्रिय समाज के पूर्वज चक्रवर्ती राजा भोज के छाया चित्र पर माल्यार्पण और मां गढक़ालिका की आरती कर की गई। कार्यक्रम में वारासिवनी खैरलांजी पंवार समाज के अध्यक्ष ओमकार सिंह बिसेन ने अध्यक्षता की और मुख्य अतिथि के रुप में रमेश ठाकरे सचिव पंवार समाज वारासिवनी एवं वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत सावंगी के भूतपूर्व सरपंच लोकचंद ठाकरे ने पंवारी भाषा में समाज के गठन और सामाजिक वर्तमान परिदृश्य के बारे में बताया।

## खबर संक्षेप

### पंडित अभिषेक पाण्डेय बने प्रदेश सचिव, युवाओं में उत्साह

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हाल ही में हुए युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव जो कि संपूर्ण प्रदेश में हुए थे,उसके परिणाम अब आ चुके हैं जिसमें पंडित अभिषेक पाण्डेय को प्रदेश नेतृत्व की जिम्मेदारी दी गई है। युवाओं का कहना है कि हमारे प्रेरणास्त्रोत ऊर्जावान नेता अभिषेक पाण्डेय जो कि विगत 12 वर्षों से हृस्ट्ध और युवा कांग्रेस की कई जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर चुके हैं उनके प्रदेश सचिव निर्वाचित होने पर अत्यंत खुशी और संगठन को एक नवीन दिशा प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव में भी पंडित अभिषेक पाण्डेय की उपस्थिति बहुत महत्वपूर्ण रही और उनके कार्यशैली,भाषाशैली व कार्य के प्रति समर्पण से अत्यधिक युवाओं ने इनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इनका चेहरा सिवनी नगर में ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचल में भी इनके समर्थकों का ताता लगा रहता है।इनके प्रदेश सचिव के पद पर निर्वाचित होने के बाद सभी युवाओं व बुजुर्गों के हर्ष का माहौल है।

# राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से

## सिवनी को मिली पहली बार मेजबानी, बारह विश्वविद्यालयों की टीम जुटेंगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर अनुसार राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता सिवनी में संपन्न होगी. सिवनी जिले को पहली बार मिली मेजबानी में पूरे प्रदेश के 12 विश्वविद्यालयों की टीम इस प्रतियोगिता में शिरकत करेंगी।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस की अगुवाई में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए स्पोर्ट्स ऑफिसर के सी राउर ने बताया कि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन उद्घाटन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे. मुख्य अतिथि के रूप में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कुलगुरु डॉ.इंद्र प्रसाद त्रिपाठी तथा विशेष अतिथि के रूप में पीजी कॉलेज की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय एवं प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग उपस्थित रहेंगे।

राउर ने बताया कि राज्य स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए सिवनी जिले को पहली बार मेजबानी मिली है. यह सिवनी जिले के लिए



ऐतिहासिक गौरव की बात है। बताया कि रीवा, इंदौर , ग्वालियर, उज्जैन छतरपुर, भोपाल, जबलपुर और छिंदवाड़ा सहित कुल 12 विश्वविद्यालयों से पुरुष और महिला खिलाडिय़ों की टीम इस राज्य स्तरीय आयोजन में सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगी . बताया कि पुरुष और महिला टीम के अलग अलग मैच अलग होंगे. बताया कि छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय महाविद्यालयों के स्पोट्र्स ऑफिसर इस प्रतियोगिता में अहम भूमिका निभाएंगे.

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में होगा लोकार्पण समारोह:**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय) सिवनी) में हाल ही में,विधायक निधि तथा जनभागीदारी निधि से खेल मैदान की दर्शक दीर्घा में निर्मित टीन शेड, रिटेनिंग वाल तथा कंक्रीट रोड निर्माण कार्य किया गया है. इनका लोकार्पण कार्यक्रम भी आज आयोजित है. महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मान. दिनेश राय (मुनमुन), विधायक- सिवनी तथा कार्यक्रम अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय रहेंगे। प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने जिले के खेल प्रेमियों और गणमान्य नागरिकों से इस कार्यक्रम में सक्रिय उपस्थिति की अपील की है।

स्पोट्र्स ऑफिसर के सी राउर ने बताया कि बाहर से आने वाले सभी खिलाडिय़ों के भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था की गई है. जानकारी देते हुए बताया कि ठंड के मौसम को देखते हुए खिलाडिय़ों के स्वास्थ्य के लिए प्राथमिक उपचार समिति का गठन भी किया गया है।

मीडिया प्रभारी प्रो. सत्येन्द्र शेन्डे ने बताया कि स्थानीय फुटबॉल ग्राउंड के टेबल टेनिस हॉल में सिवनी के खेलप्रेमी और आम जनता राज्य स्तरीय मैचों का आनंद ले सकेंगे।

# प्रांजल नेताम का अस्सिटेंट प्रोफेसर पद पर चयन

**घंसौर।** तहसील मुख्यालय घंसौर के प्रतिष्ठित नेताम परिवार से पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमति चित्रलेखा नेताम सेवानिवृत्त सहायक प्रबंधक कुंवरमन शाह नेताम की सुपुत्री कुमारी प्रांजल नेताम ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए घंसौर का नाम रोशन करते हुए गौरव बढ़ाया है उनका अस्सिटेंट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) के पद पर चयन हुआ है माता-पिता और गुरूजनों के मार्गदर्शन के साथ ही अपनी लगन एवं कडी मेहनत कर उन्होंने यह अभूतपूर्व सफलता हासिल की है यह पहला अवसर है। जब घंसौर से किसी युवा का मप्र लोकसेवा आयोग के जरिये अस्सिटेंट प्रोफेसर के रूप में चयन किया गया है, मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग वर्ष 2022 की परीक्षा में वह शामिल हुई जहां विभिन्न चरणों में आयोजित परीक्षा व टेस्ट में सफलता प्राप्त करते हुए यह मुकाम हासिल किया है, बताया गया है कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा घंसौर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय से करने के उपरांत एमएलबी कालेज भोपाल से स्नातक की शिक्षा पूरी की तथा शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी कालेज इंदौर से स्नातकोत्तर तक की शिक्षा पूरी कर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा की तैयारी शुरू करते हुए परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित किया है उनकी इस सफलता पर माता-पिता गुरूजनों एवं परिवारजनों ने बधाई प्रेषित की है।



इस सफलता पर उन्हें बधाई देने विगत शनिवार को विधायक योगेंद्र सिंह बाबा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजेंद्र नामदेव, संजय पटेल (हक्कू) सरपंच रामसिह कुलस्ते , झाम सिंह ठाकुर, संतोष वर्मन सहित अन्य गणमान्य लोग उनके निवास पहुंचे।

## सिवनी मार्निंग क्रिकेट टूर्नामेंट

# किंग्स और जेआरबी ने दर्ज की जीत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मॉर्निंग टेनिस क्रिकेट कप टूर्नामेंट 2025 का पाँचवां दिन रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। मैदान पर खिलाडिय़ों के शानदार प्रदर्शन और दर्शकों की गगनभेदी तालियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। पहला मुकाबला भैरोगंज किंग्स बनाम शाइनिंग क्लब के मध्य खेला गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में वेटरन्स क्रिकेट के अजय मिश्रा उपस्थित रहे। जिन्होंने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर टॉस प्रक्रिया संपन्न कराई। भैरोगंज किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवरों में 77 रन बनाए। मैच की अंपायरिंग सवाई और सोनू गोलू रजक ने की,जबकि स्कोरिंग का कार्य मनोज गेडाम (ऑनलाइन) और दीपक पटवा (ऑफलाइन, कोषाध्यक्ष) ने संभाला। आयोजन की सफलता में अखिलेश चौरसिया, मुकेश नामदेव और अंशु का विशेष योगदान रहा। अगला मुकाबलाकल, 11 नवंबर (सुबह 7 बजे) सद्भाव बनाम मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा।



स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों में इस मुकाबले को लेकर जबरदस्त उत्साह है और सभी को एक और रोमांचक मैच की उम्मीद है।

# दिव्य ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ



अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा प्रज्ज्वलित अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा निकाली जा रही है।इसी क्रम में दिनांक 11 नवंबर2025 से सिवनी जिले में यात्रा का शुभारंभ ग्राम परतापुर मुंडारा मां बैणगंगा के उद्गम स्थल से प्रातः 8 बजे से किया जा रहा रहा है। आप सभी को ज्ञात हो कि इस यात्रा द्वारा 11 नवंबर से 10 दिसंबर तक सिवनी जिले के सभी तहसीलों का भ्रमण किया जाएगा। सभी श्रद्धालु भाई बहनों से निवेदन है कि अपने निकटवर्ती कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## गणेशगंज में भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

# उत्साह के साथ नगर भ्रमण पर निकली कलश शोभायात्रा 17 नवंबर तक होगा अमृतमयी कथा का वाचन

**हरिभूमि न्यूज गणेशगंज ।**

लखनादौन ब्लॉक के ग्राम गणेशगंज में आस्था और भक्ति का माहौल चरम पर है। नवनिर्माण बस स्टैंड की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सप्तदिवसीय भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन 10 नवंबर 2025 से शुरू होकर 17 नवंबर 2025 तक चलेगा।

भव्य कलश यात्रा से आगाज

कथा के प्रथम दिवस सोमवार को नगर भ्रमण हेतू एक धूमधाम और उत्साह से भरी कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में माताओं और बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर नगर का भ्रमण किया, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।

कथा व्यास ने किया पूजन

शोभायात्रा के दौरान, कथा व्यास श्री संकर्षण रामानुज दास पंडित श्री परमपिता परमेश्वर श्री जगन्नाथ जी शास्त्री ने नगर में स्थित नवनिर्मित बस स्टैंड गणेशगंज में दर्शन लाभ लेते हुए विधिवत पूजन-अर्चन किया।

कथा का समय

श्री शास्त्री अपने मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक अमृतमयी कथा का वाचन कर रहे हैं। कथा आयोजन कर्ताओं द्वारा गणेशगंज बस स्टैंड के निज निवास पर यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे इस पावन पुनीत अवसर पर अपना अमूल्य समय निकालकर कथा श्रवण करें और मानव जीवन



को धन्य बनाएँ। यह धार्मिक समागम क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा है।

अनेकों मुख्य कार्यपालन अधिकारी आए और चले गए लेकिन जो प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी रेखा देशमुख ने कर दिखाया वो किसी के बस की बात नहीं थी करोड़ों रुपए की जनपद का कॉम्प्लेक्स को जर्जर होने से बचा एक अधिकारी ने जिसका परिणाम है कि आमजन को रोजगार मिल रहा है जिला सिवनी का जनपद कॉम्प्लेक्स की नीलामी में अहम योगदान रहा है प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं ड्यूटी कलेक्टर रेखा देशमुख जिन्होंने बड़ी ही आसानी से नीलामी करवाकर सरकार को बड़ी मात्रा में राजस्व का लाभ दिया जिला सिवनी का जनपद कॉम्प्लेक्स विगत कई दिनों से अधर में लटका हुआ था बिल्डिंग तो बनकर कंप्लीट हो चुकी थी लेकिन उसकी नीलामी होना असंभव सा प्रतीत हो रहा था क्योंकि जब भी नीलामी की प्रक्रिया चालू होती थी किसी न किसी के व्यक्ति के द्वारा अड़ंगा लगाकर प्रक्रिया में रुकावट पैदा कर नीलामी को रोक दिया जाता था जिससे नीलामी होना असंभव लग रहा था कई वर्षों से अनेकों मुख्य कार्यपालन अधिकारी की पदस्थापना हुई लेकिन किसी भी मुख कार्यपालन अधिकारी ने नीलामी करने में सफलता नहीं पाई लेकिन जैसे ही रेखा देशमुख को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सिवनी का प्रभार दिया गया तब से ही उन्होंने नीलामी की प्रक्रिया के लिए प्रयास करना चालू कर दिया और लोगों के बीच समन्वय स्थापित करने की कोशिश भी लगातार चालू रही है जिससे धीरे-धीरे लोगों को आश्वासन देने के बाद जनपद परिसर की नीलामी संपन्न हुई जिसमें सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व की प्राप्ति हुई शहर में धीरे-धीरे चर्चा का विषय यह बना है कि अगर रेखा देशमुख अपनी अथक प्रयास और सूझबूझ से मेहनत नहीं करती तो नीलामी होना असंभव सा लग रहा था लेकिन जिस हिसाब से रेखा देशमुख ने लगातार प्रयास रख रही और उन्हें सफलता भी प्राप्त हुई क्योंकि उक्त बिल्डिंग धीरे-धीरे जर्जर हालत में जा रही थी क्योंकि उसका किसी भी प्रकार का रखरखाव कर पाना संभव नहीं हो पा रहा था।

कई प्रकार के अड़ंगे के बाद पूर्व में भी जनपद शॉपिंग कॉम्पलेक्स सिवनी की 38 दुकानों की नीलामी स्थगित कर दी गई है। यह निर्णय सिवनी कलेक्टर के निर्देशानुसार लिया गया है। परंतु प्रशासनिक कारणों के चलते इसे तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया था लेकिन रेखा देशमुख ने लगातार कोशिश करते गई जिसका परिणाम आज जनता देख रही है कि सरकारी संपति जो आमजन की टैक्स के पैसे से बनती है उसका सदुपयोग हुआ है।

पूर्व सिवनी कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार, जनपद शॉपिंग कॉम्पलेक्स की नीलामी स्थगित कर दी गई थी लेकिन प्रक्रिया को पुनः चालू करके नीलामी सम्पन्न हुई। जनपद कॉम्लेक्स की नीलामी से आसपास की आम जनता में खुशी की लहर है क्योंकि जब भी किसी भी परिसर का निर्माण होता है तो व्यवसाय के स्त्रोतों में बढ़ोतरी होती है जैसा की दुकानों में काम करने वाले कर्मचारी मैनेजर अनेक को प्रकार के वर्कर को भी रोजगार प्राप्त होता है जिसके चलते आज यह कहना संभव है कि यदि मुख्य कार्यपालन अधिकारी रेखा देशमुख प्रयास नहीं करती तो आज भी उक्त परिसर की दुर्दशा बनी रहती हजारों मजदूरों की दुआ ऐसे अधिकारी को मिलती रहती है ऐसे अधिकारी सिवनी जिले में विरले ही देखने को मिलते हैं।

# अनेकों मुख्य कार्यपालन अधिकारी आए और चले गए लेकिन जो प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी रेखा देशमुख ने कर दिखाया वो किसी के बस की बात नहीं थी

### करोड़ों रुपए की जनपद का कॉम्प्लेक्स को जर्जर होने से बचा एक अधिकारी ने जिसका परिणाम है कि आमजन को रोजगार मिल रहा है

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सिवनी का जनपद कॉम्प्लेक्स की नीलामी में अहम योगदान रहा है प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं ड्यूटी कलेक्टर रेखा देशमुख जिन्होंने बड़ी ही आसानी से नीलामी करवाकर सरकार को बड़ी मात्रा में राजस्व का लाभ दिया जिला सिवनी का जनपद कॉम्प्लेक्स विगत कई दिनों से अधर में लटका हुआ था बिल्डिंग तो बनकर कंप्लीट हो चुकी थी लेकिन उसकी नीलामी होना असंभव सा प्रतीत हो रहा था क्योंकि जब भी नीलामी की प्रक्रिया चालू होती थी किसी न किसी के व्यक्ति के द्वारा अड़ंगा लगाकर प्रक्रिया में रुकावट पैदा कर नीलामी को रोक दिया जाता था जिससे नीलामी होना असंभव लग रहा था कई वर्षों से अनेकों मुख्य कार्यपालन अधिकारी की पदस्थापना हुई लेकिन किसी भी मुख कार्यपालन अधिकारी ने नीलामी करने में सफलता नहीं पाई लेकिन जैसे ही रेखा देशमुख को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद शिवनी का प्रभार दिया गया तब से ही उन्होंने नीलामी की प्रक्रिया के लिए प्रयास करना चालू कर दिया और लोगों के बीच समन्वय स्थापित करने की कोशिश भी लगातार चालू रही है जिससे धीरे-धीरे लोगों को आश्वासन देने के बाद जनपद परिसर की नीलामी संपन्न हुई जिसमें सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व की प्राप्ति हुई शहर में धीरे-धीरे चर्चा का विषय यह बना है कि अगर रेखा देशमुख अपनी अथक प्रयास



और सूझबूझ से मेहनत नहीं करती तो नीलामी होना असंभव सा लग रहा था लेकिन जिस हिसाब से रेखा देशमुख ने लगातार प्रयास रख रही और उन्हें सफलता भी प्राप्त हुई क्योंकि उक्त बिल्डिंग धीरे-धीरे जर्जर हालत में जा रही थी क्योंकि उसका किसी भी प्रकार का रखरखाव कर पाना संभव नहीं हो पा रहा था

कई प्रकार के अड़ंगे के बाद पूर्व में भी जनपद शॉपिंग कॉम्पलेक्स सिवनी की 38 दुकानों की नीलामी स्थगित कर दी गई है। यह निर्णय सिवनी कलेक्टर के निर्देशानुसार लिया गया है। य, परंतु प्रशासनिक कारणों के चलते इसे तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया था लेकिन रेखा देशमुख ने लगातार कोशिश करते गई जिसका परिणाम आज जनता देख रही है कि सरकारी संपति जो आमजन की टैक्स के पैसे से बनती है उसका सदुपयोग हुआ है। पूर्व सिवनी कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार, जनपद शॉपिंग कॉम्पलेक्स की नीलामी स्थगित कर दी गई थी लेकिन प्रक्रिया को पुनः चालू करके नीलामी सम्पन्न हुई। जनपद कॉम्लेक्स की नीलामी se आसपास की आम जनता में खुशी की लहर है क्योंकि जब भी किसी भी परिसर का निर्माण होता है तो व्यवसाय के स्रोतों में बढ़ोतरी होती है जैसा की दुकानों में काम करने वाले कर्मचारी मैनेजर अनेक को प्रकार के वर्कर को भी रोजगार प्राप्त होता है जिसके चलते आज यह कहना संभव है कि यदि मुख्य कार्यपालन अधिकारी रेखा देशमुख प्रयास नहीं करती तो आज भी उक्त परिसर की दुर्दशा बनी रहती हजारों मजदूरों की दुआ ऐसे अधिकारी को मिलती रहती है ऐसे अधिकारी सिवनी जिले में विरले ही देखने को मिलते हैं।

# सार्वजनिक सुहागले पूजन का कार्यक्रम संपन्न

**सिवनी।** जिले में.लगातार पांच वर्षों से हो रहा है, सार्वजनिक सुहागले पूजा का कार्यक्रम कार्यक्रम स्थल बैनगंगा नदी ( लखनवाड़ा), सिवनी के तट में संपन्न हुआ. जिसमें सभी महिलाएं द्वारा पूजा की गई इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गंगानगर क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों की महिलाओ की एहम भूमिका रहती है जिसमें ज्योति सनोडिया जी, नीलम सनोडिया जी, प्रमिला सनोडिया जी, सकुन सनोडिया जी, पुष्पा सनोडिया जी, कामिनी शुक्ला जी, सरस्वती सनोडिया जी, राधिका पटेल जी,पूजा सनोडिया जी, और अन्य महिलाओं द्वारा पूजा की योजना प्रतिवर्ष बनाई जाती है।



# प्रतिवेदन स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम

**सिवनी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में आज दिनांक 10.11.2025 को महाविद्यालय की प्राचार्य / संरक्षक प्रो. कल्पना इंगले के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी प्रो. लक्ष्मी मेश्राम के मार्गदर्शन तथा डॉ. एस.आर. नावंगे के नेतृत्व में मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सग कालेज के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं का स्वास्थ्य से संबंधित सामान्य जांच रक्तचाप, वजन परीक्षण किया गया। आगे इसी कड़ी में मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सग कालेज की प्राचार्य रंजना कुश्वाहा एवं संस्था निर्देशक सुनील मिश्रा द्वारा अपने वक्तव्य में विषय से संबंधित जानकारी दी, साथ ही कहा कि स्वस्थ्य जीवनशैली जीवन का आधार है, वर्तमान परिवेश में शरीर को स्वस्थ्य रखना एक चुनौती है। क्योंकि निरंतर रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होते जा रही है, इन समस्याओं से निपटने के लिये आपको संतुलित आहार - प्रोटीन, कैल्सियम, आयरन, फाइवर, कार्बोहाइड्रेड युक्त आहार लेना आवश्यक है। और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवाते रहना चाहिऐ एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधित जानकारियों से छात्राओं को अवगत कराया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने अपनी सहभागीता दी।

## छात्राओं की सामूहिक उपस्थिति में राष्ट्रगीत वंदे मातरम गया गया

**सिवनी।** मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के 150वीं वर्षगांठ पर प्रथम चरण 7 नवंबर से 14 नवंबर 2025 शुभारंभ पर शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंग्लिश के संरक्षण एवं प्राध्यापकों, कर्मचारी एवं छात्राओं की सामूहिक उपस्थिति में महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रगीत वंदे मातरम गया गया देश की एकता एवं अखंडता के प्रतीक राष्ट्रगीत से मन में पुनः देश भक्ति का जोश सभी महाविद्यालय परिवार में महसूस किया एवं इस एकता व अखंडता को सदैव बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

# ग्राम जैतपुर कलां मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शाखा प्रकट कायक्रम (वार्षिकोत्सव) हथनापुर मंडल के ग्राम जैतपुर कलां में संपन्न हुआ। जिसमें मनोज कनोजिया जी (मुख्य वक्ता),जिला सह संयोजक धर्म जागरण विभाग बसंत बघेल जी(शाखा कार्यवाह),उप खंड विस्तारक चेतन दीक्षित जी एवं सभी स्वयंसेवक बंधु, साथ ही ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात शाखा के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पास ग्राम में निवासरत ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया, मोतियाबिंद आपरेशन हेतू मरीजों को बस द्वारा नेत्रालय ले जाया गया ।



## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें - मनोज मर्दन त्रिवेदी

# कान्हीवाड़ा मंडल में मतदाता सूची कार्यशाला सम्पन्न, भाजपा कार्यकर्ताओं से निष्ठा पूर्वक जुडने का आह्वान

**सिवनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर 2025) का कार्य पूरे देश में प्रारंभ किया गया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची का शुद्धिकरण एवं प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। यह कार्य लगभग 23 वर्षों बाद व्यापक स्तर पर किया जा रहा है, जिससे लोकतंत्र की आधारशिला और सुदृढ़ होगी। कान्हीवाड़ा मंडल द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी एवं जिला आईटी सेल संयोजक श्री मनोज मर्दन त्रिवेदी ने कहा कि मतदान सबसे बड़ा दान है, जिससे देश का भविष्य तय होता है। यह पुनरीक्षण अभियान हर नागरिक का दायित्व है, ताकि हर योग्य मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो सके।

विपक्ष भ्रम फैला रहा, भाजपा कार्यकर्ता देवतुल्य सेवक - त्रिवेदी



अपने उद्बोधन में श्री त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दल मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, क्योंकि जनता ने उन्हें नकार दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता देवतुल्य होता है, जो निस्वार्थ भाव से भारत माता की सेवा में समर्पित रहता है। ऐसे में कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाएं और हर बूथ पर मतदाता सूची को शुद्ध करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। श्री त्रिवेदी ने विस्तार से बताया कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। यह कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान नागरिक फॉर्म 6, 7 और 8 के माध्यम से नया नाम जोड़ सकते हैं, मृतक या स्थानांतरित व्यक्ति का नाम हटा सकते हैं, या अपने विवरण में सुधार करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आगामी 12 नवम्बर को जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना हितलाभ वितरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने पॉलिटेक्निक मैदान निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यक्रम स्थल में मंचीय व्यवस्थाऐं, आगंतुकों की बैठक व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता तथा सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, एडीएम सुश्री सुनीता खंडायत सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### पूर्व मंत्री बिसेन और आयोग सदस्य पर लगाया साजिश का आरोप

# विधायक अनुभा मुंजारे को डीएफओ विवाद में क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे को डीएफओ विवाद मामले में तीन महीने की जांच के बाद क्लीन चिट मिल गई है। इस मामले में भोपाल से लौटने के बाद सोमवार को मुंजारे ने प्रेसवार्ता कर अपनी बात रखी।

मुंजारे ने आरोप लगाया कि डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने उनके पति अधर गुप्ता को बचाने के लिए उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की। उन्होंने दावा किया कि इस पूरे मामले के पीछे पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन और आयोग सदस्य बेटी मौसम हरिनखेड़े की साजिश थी।

विधायक ने कहा कि भाजपा द्वारा बड़े पैमाने पर आंदोलन किए जाने के बाद यदि पार्टी में नैतिकता है, तो उसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने जांच टीम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए।



यह पूरा मामला विधायक मुंजारे के विधानसभा क्षेत्र लालबर्रा के सोनेवानी में बाघ की रहस्यमय मौत और उसके बिना प्रोटोकॉल के जला दिए जाने के मामले से जुड़ा था। इसमें महिला डीएफओ के पति, दक्षिण वनमंडलाधिकारी अधर गुप्ता की संलिप्तता के आरोप उठाए गए थे।

मुंजारे ने आरोप लगाया कि डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने उनके पति अधर गुप्ता को बचाने के लिए उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की। उन्होंने दावा किया कि इस पूरे मामले के पीछे पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन और आयोग सदस्य बेटी मौसम हरिनखेड़े की साजिश थी।

दरअसल, डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने 16 अगस्त को अनुभा मुंजारे पर आरोप लगाया था कि उन्होंने वन विभाग के रेस्ट हाउस के कमरे में उनसे दो से तीन पेटी रकम की मांग की। इस आरोप का मामला 3 सितंबर को सामने आया था। भाजपा ने इसे गंभीरता से लिया और विधायक के खिलाफ भ्रष्टाचार व नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। पार्टी ने रैली और आंदोलन भी किए थे।

मध्यप्रदेश शासन ने वन मंत्रालय के माध्यम से जांच बैठा दी थी। जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसमें अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक कमलिका मोहन्ता और वन संरक्षक अंजना सुचिता तिर्की शामिल थीं। टीम को दो सप्ताह में जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने के निर्देश दिए गए थे।

जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि बालाघाट के फारेस्ट हाउस में डीएफओ से 2-3 पेटी रकम मांगने का आरोप किसी भी गवाह द्वारा पुष्टि नहीं हुआ। इस तरह, विधायक अनुभा मुंजारे को क्लीन चिट मिल गई है।

### 41 हजार 392 रुपये का मंडी शुल्क वसूला गया

# बालाघाट मंडी के उड़नदस्ता दल ने बनाया अवैध परिवहन प्रकरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में कृषि उपज के अवैध परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बालाघाट मंडी के उड़नदस्ता दल ने 09 नवंबर को नैनपुर में मक्का का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर एक ट्रक को पकड़ा है और 41 हजार 342 रुपये का दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया है।

संयुक्त संचालक, मंडी बोर्ड जबलपुर श्री शाहिद खान तथा एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी बालाघाट श्री गोपाल सोनी के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के उड़नदस्ता दल द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर 2025 की रात 11 बजे क्षेत्र निरीक्षण के दौरान नैनपुर रोड पर ट्रक क्रमांक सीजी-04एलएस-1529 में कृषि उपज मक्का का बिना मंडी शुल्क भुगतान किये बग़ैर ई-अनुज्ञा पत्र के परिवहन करते पाये जाने पर अवैध परिवहन प्रकरण तैयार किया गया। इस पर उड़नदस्ता दल द्वारा म.प्र. मंडी अधिनियम 1972 के उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए 41 हजार 362 रुपये दांडिक मंडी शुल्क वसूल कर सरकारी खजाने में जमा किया गया है। इस वाहन में 309 क्विंटल मक्का का परिवहन किया जा रहा था और अवैध रूप से केवलारी (सिवनी) से रायपुर (छग) के लिए परिवहन किया जा रहा था।

यह कार्यवाही उड़नदस्ता दल प्रभारी श्री मनीष मड़ावी मंडी सचिव, दल सदस्य स.उ.नि. भीमेन्द्र चौधरी, स.उ.नि. मनोज पटले एवं स.उ.नि. पवन इनवाती द्वारा की गई है। जिले की सभी मंडी समितियों के मंडी क्षेत्र में कृषि उपजों के अवैध परिवहन और अवैध भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए ऐसी कार्यवाही सतत जारी रहेगी। कृषि



उपज के व्यापारियों से अपील की गई है कि किसी भी स्थिति में जिले का कोई भी व्यापारी एवं मिलर्स बगैर ई-अनुज्ञापत्र/बिल के अधिसूचित कृषि उपजों का परिवहन एवं अवैध भंडारण ना करें।

# मेडिकल स्टोर्स में फार्मासिस्ट न होने पर मेडिकल सील करने की होगी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि प्रसूति सहायता के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। प्रसूति सहायता का कोई भी प्रकरण अनावश्यक लंबित नही रहना चाहिए। बैठक में निर्देशित किया गया कि ड्रग इंस्पेक्टर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं नायब तहसीलदार का दल मेडिकल स्टोर्स का नियमित रूप से निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि मेडिकल स्टोर्स से दवा का विक्रय फार्मासिस्ट द्वारा ही होना चाहिए। जिन मेडिकल स्टोर्स में फार्मासिस्ट न हो उन मेडिकल स्टोर्स को सील करने की कार्यवाही करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ईट-राईट कैम्पेन के अंतर्गत खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों में स्वच्छता एवं गुणवत्ता के मापदण्डो का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराए। जिन प्रतिष्ठानों में स्वच्छता न हो और गंदगी पायी जाए उनको सील करने की कार्यवाही करने कहा गया। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को उनके अधीन सभी छात्रावासो को फुड लायसेंस दिलाने के निर्देश दिये गए।

### तंदूरी नाईट रेस्टारेंट का लायसेंस निलंबित कर बंद किया

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने होटलों एवं रेस्टारेंट पर की छापामार कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आम जनता को मिलावट रहित स्वच्छ एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर होटलों एवं रेस्टारेंट की जांच कर खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे जा रहे है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में 10 नवंबर 2025 को बालाघाट नगर में स्थित विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंटों पर छापामार कार्यवाही की गई।

नायब तहसीलदार श्रीमती मंजुला महोबिया श्री वाजिद मोहिब व श्री योगेश डोंगरे तथा पटवारी श्री बिसेन के संयुक्त दल द्वारा की जांच की गई। इस कार्यवाही में पिंटू का ढाबा मे लाइसेंस पाया गया एवं साफ स्वच्छता ठीक पाई गई। गुरुद्वारे के सामने स्थित तंदूरी नाइट रेस्टोरेंट की जांच के दौरान किचन में गंदगी पायी गई, फर्श भी टूटा हुआ पाया गया, रेस्टारेंट में यहां वहां गंदगी फैली थी और सफाई का अभाव था। इस रेस्टारेंट में गंदे बर्तनों में भोजन निर्माण किया जाना पाया गया। जिस पर टीम द्वारा मौके पर ही रेस्टारेंट का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। और इस रेस्टारेंट को आगामी आदेश तक के लिए बंद कराया गया है। रेस्टारेंट के संचालक के विरूद्ध साफ स्वच्छता में कमी के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 56 के अंतर्गत प्रकरण तैयार किया गया है और कार्यवाही के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

अधिकारियों के दल द्वारा हनुमान चौक स्थित शेरे पंजाब रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया जिसमें लाइसेंस वैध पाया गया एवं किचन में भी साफ स्वच्छता उचित पायी गई। हनुमान चौक स्थित और सिप एंड बाइट रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान किचन की जांच की गई जिसमें आंशिक त्रुटि पाई गई जिसे मौके पर ही सुधार कराया गया। इसका लाइसेंस भी वैध पाया गया है। गोंदिया रोड स्थित रेड ऑक रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया जिसके पास खाद्य लाइसेंस पाया गया लेकिन किचन का फर्श टूटा हुआ पाया गया एवं टाइल्स की कमी पायी गई। जिस पर संचालक को सुधार सूचना नोटिस जारी किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि जिले के नगरीय क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी खाद्य सामग्री तैयार



करने वाले एवं विक्रय करने वाले होटल रेस्टारेंट की निरंतर जांच की जा रही है। उन्होंने होटल एवं रेस्टारेंट संचालकों एवं किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री विक्रय करने वालो को निर्देशित किया है कि बिना लायसेंस के खाद्य सामग्री का विक्रय न करे और स्वच्छता का कड़ाई से पालन करें। होटल एवं रेस्टारेंट में किसी भी प्रकार की गंदगी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)

# मतदाता ऑनलाईन भी भर सकते है गणना पत्रक

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले में भी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एस आईआर) का कार्य 04 नवंबर से शुरू कर दिया गया है। जिले के 1675 बीएलओ 13 लाख 70 हजार से अधिक मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्रक का वितरण कर रहे हैं। यह काम 04 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक भरने के लिए ऑनलाईन सुविधा भी दी गई है।

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक ऑनलाइन भरने की सुविधा दी गई है। इसके लिए मतदाता द्वारा https://voters.eci.gov.in/ पर लॉगइन करना होगा । इस वेबसाईट पर लागइन करने के लिए मतदाता को अपना मोबाइल नंबर या मतदाता पहचान पत्र क्रमांक भरना होगा। लागइन करने के बाद Fill Enumeration Form Online पर क्लिक करना होगा।

मतदाता अपना इपिक नंबर या मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से गणना पत्रक खोलेंगे और चाही गई जानकारी भरेंगे। मतदाता को सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर या बांये हाथ का अंगूठा लगा कर उस कागज की साफ फोटो अपलोड करना होगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित घोषणा पत्र के चेक बॉक्स पर क्लिक करना होगा। इसके बाद प्रीव्यू स्क्रीन में मतदाता सभी जानकारी की जाँच करेंगे और सही होने पर Submit Enumeration Form बटन पर क्लिक करेंगे। फार्म सबमिट होने के बाद मतदाता को एसएमएस प्राप्त होगा, जिसमें दी गई लिंक पर क्लिक कर वे अपनी फोटो अपलोड करेंगे। फोटो अपलोड हो जाने पर फार्म सफलतापूर्वक सबमिट हो जायेगा। मतदाता अपने आवेदन की स्थिति एवं विवरण आनलाइन चेक कर सकेंगे।

# ग्राम बगदेही के किसान परेशानः खेती में फैले तार से, किसानी के कार्य हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा के ग्राम बगदेही में एक किसान के खेत में विद्युत तार गिरा पड़ा है जिससे किसानों को खेती के कार्य करने में परेशानी हो रही है अनेको मर्तबा पीड़ित किसान द्वारा विद्युत विभाग से बताया गया लेकिन अभी तक खेती में गिरे तार को नहीं उठाया गया जिससे फसल लगाने में ट्रैक्टर से जुताई करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। खेती मालिक ने बताया कि ना लाइनमेंन सुन रहे हैं और ना ही विद्युत विभाग के जे. ई सुन रहे हैं आखिर हम किसके पास जाए अपनी फरियाद लेकर प्रशासन उक्त समस्या पर ध्यान दें और पीड़ित का निराकरण करें।



### निजी स्वार्थ के लिए उपवन में काटे जा रहे पेड़ पौधे. कार्रवाई की मांग

# जाम मे शासकीय भूमि पर हो रहा अतिक्रमण, अतिक्रमण हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जाम मे शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारी अपने पैर पसार रहे हैं और अवैध निर्माण करने में लगे हुए है दुर्भाग्य की बात तो यह है की ग्राम पंचायत के कार्यक्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण के संबंध में ग्राम पंचायत जाम के सरपंच और सचिव को जानकारी नहीं होना बड़ा ही शर्मनाक विषय है। जाम निवासी गणपत तरवरे ने बताया कि 25 30 साल पहले एक एकड़ भूमि पर ग्राम पंचायत जम के द्वारा उपवन लगाया गया था जो बहुत साल तक हरा भरा रहा लेकिन देखने में आ रहा है कि यह पंचवर्षीय से उपवन पूरा उजड़ गया है हरियाली खत्म होने लगी है उपवन की जगह मे अतिक्रमण कारियो द्वारा कब्जा किया जाने लगा है हमारा अनुरोध है कि तहसीलदार, कलेक्टर शासकीय भूमि की निगरानी करें और अतिक्रमण होने से रोके वही एक ग्रामीण उत्तम लाल धामडे ने बताया कि शासकीय उपवन की भूमि पर बनाई गई नाली को बुझाया जा रहा है और रास्ता निकाला जा रहा है झोपड़ी बनाई जा रहे हैं उपवन से पेड़ों को काटा जा रहा है जो गलत है हम मांग करते हैं कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए मीडिया के माध्यम से लोग हम लोग प्रशासन तक यह गंभीर विषय पहुंचाना चाह रहे हैं. हो रहे अतिक्रमण को जल्द से जल्द रोका जाए और जमीनदोज किया जाए ऐसी हमारी मांग प्रशासन से है।

#### इनका कहना हैं

आज हम उपवन देखने आए थे देखने में आया कि उपवन में बनाई गई नाली को पूरा जा रहा है और अतिक्रमण कर झोपड़ियां बनाई जा रही है पेड़ों को भी काटा जा रहा है जो गलत है इसकी शिकायत हमारे द्वारा की जाएगी।

**रख्खी नगपुरे, उपसरपंच, ग्राम पंचायत जाम**

### जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कंबल एवं स्टेशनरी किट का किया वितरण

# आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने ठंड में ठिठुर रहे असहाय और गरीबों की ली सुध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भैंसवाई के प्राथमिक स्कूल तहसील बैहर, में कड़ाके की ठंड में जहाँ हर कोई गर्माहट की तलाश में है, वहीं आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट ने करुणा और सहयोग की मिसाल पेश की समिति ने ग्राम भैंसवाई स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कंबल एवं स्टेशनरी किट वितरित कर सर्दी में स्नेह और संवेदना की गर्माहट फैलाई है।यह आयोजन केवल वस्त्र वितरण नहीं, बल्कि मानवता, शिक्षा और संस्कार का सजीव उत्सव बन गया। बच्चों को साफ-सफाई, अनुशासन, खेलकूद और शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संदेश दिए गए। समिति का उद्देश्य बच्चों के भीतर सीखने की लगन और संवेदनशील नागरिक बनने की चेतना जागृत करना रहा।इस अवसर पर प्रधान पाठक आर. एस. टेकाम, शिक्षिका कविता चौहान, समिति के अध्यक्ष राहुल वैद्य, सदस्यगण, ग्रामीणजन एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में समिति ने करुणा-हृदय दानदाताओं — श्री कृष्ण कुमार भालाधरे, अनुप गुप्ता, मिलिंद देशभरताल, आशीष कुमार बारमाटे, सागर सेंडे, पवित्र उके, सुनील कनोजिया — सहित सभी सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।



# कोदो कुटकी के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानो के पंजीयन की तिथि 15 नवम्बर तक बढ़ी

### कोदो, कुटकी विक्रय करने पर किसानों को प्रति क्विंटल मिलेगी 01 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर मध्यप्रदेश राज्य में मोटे अनाज मिलेट के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने पहली बार 16 जिलों में समर्थन मूल्य पर कोदो एवं कुटकी की खरीदी करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए किसानो के पंजीयन की अंतिम तिथि 09 नवम्बर निर्धारित की गई थी, अब इस तिथि को बढ़ाकर 15 नवम्बर कर दिया गया है। बालाघाट जिले के कोदो एवं कुटकी लगाने वाले किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लिए 15 नवंबर तक पंजीयन करा सकते हैं। शासन द्वारा कोदो एवं कुटकी की खरीदी के दौरान समर्थन पर प्रति क्विंटल एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर बालाघाट जिले के इतिहास में पहली बार किसानों से मोटे अनाज कोदो-कुटकी का शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा। जिले में कोदो-कुटकी का उत्पादन करने वाले किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे असुविधा से बचने, अंतिम तिथि के पहले ही 15 नवंबर के पहले अपना पंजीयन अवश्य करवा लें। किसानों के पंजीयन के लिए 05 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें बिरसा विकासखंड के सेवा सहकारी मर्यादित समिति दमोह, लांजी विकासखंड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित सालेटेकरी, बैहर विकासखंड के आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था बैहर, परसवाड़ा विकासखंड के आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था उकवा तथा बालाघाट, किरनापुर, वारासिवनी, लालबर्रा कटंगी एवं खैरलांजी के लिए सेवा सहकारी समिति मर्यादित पायली को पंजीयन केंद्र निर्धारित किया गया है।

श्री अन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्री अन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्री अन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जायेगा। खरीफ-2025 में उत्पादित श्री अन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जायेगा। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किया जायेगा। जिससे किसानों को कुटकी का 4500 रुपये प्रति क्विंटल एवं कोदो का 3500 रुपये प्रति क्विंटल का दाम मिलेगा।

### सचिव सयुंक्त संगठन ने प्रशासनिक अधिकारी को अपनी मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन

# सचिव संयुक्त मोर्चा संगठन खैरलांजी ने 10 सूत्रीय मांगो को लेकर धरना-प्रदर्शन कर की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज खैरलाँजी।



खैरलांजी मुख्यालय में 10 नवंबर को म.प्र. पंचायत समन्वयक अधिकारी, सचिव एंव ग्राम रोजगार सहायक सयुंक्त मोर्च संगठन जनपद पंचायत खैरलांजी के बैनर तले पंचायत समनव्य अधिकारी, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक के द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन कर हड़ताल की और अपनी दस सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यकार्यपालन अधिकारी एवं तहसीलदार को जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारीयो ने अपनी समस्याओ को बताया साथ ही कहा की समस्याओ का निराकरण न होने तक हड़ताल जारी रहेगी । तथा इस दौरान पूर्व सांसद बोधसिंह भगत धरना स्थल पर पहुंचकर सचिव संगठन के पदाधिकारीयो से मुलाकात कर उनकी समस्या को जाना और संबंधित विभागी अधिकारी से चर्चा कर जायज समस्याओ का निराकरण करने की पहल की।

**यह है प्रमुख मांगेः**जनपद पंचायत खैरलांजी अंतर्गत समनव्य अधिकारियों, सचिवों, ग्राम रोजगार सहायक सचिवों को नियमित प्रतिमाह की एक तारीख तक भुगतान की व्यवस्था की जावे। माह अक्टूबर 2025 का वेतन भुगतान आज दिनाँक तक नही किया गया उसे कराया जाए। निरामय आयुष्मान योजना का क्रियान्वयन ग्राम रोजगार सहायको द्वारा दिन रात एक कर किया गया किंतु कार्ड बनाये जाने का भुगतान नहीं किया गया है जो अतिशीघ किया जावे। पंचायत समन्वय अधिकारी एवं पंचायत सचिवों के वेतन वृध्दि के एरीयर्स राशि का भुगतान जिले की नौ जनपदों में दिपावली त्यौहार पूर्व हो चुका है किंतु जनपद पंचायत खैरलांजी में आज दिनॉक तक अप्राप्त है, भुगतान शीघ्र किए जाने का अनुरोध है। सीएम हेल्पलाईन नहीं हटाये जाने के कारण की गई वेतन कटौती का भुगतान संबधितों को त्वरित किया जावे। मांग आधारित शिकायतों एवं झुटी शिकायतों का परीक्षण कर फोर्स क्लोज किया जाय। पंचायत सचिवों की एनपीएस की राशि कटौति की गई है लेकिन प्राण नंबर के खातों में विगत आठ माह से जमा नहीं की गई है जिसे शीघ्र किया जावे। अवकाश के दिनों में कार्यालयीन कार्यों से मुक्त किया जावे। जनपद,जिला स्तर की वीसी कार्यालयीन समय पर ली जावे। सहित अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा एंव समस्याओ का समाधान करने की मांग की । इस दौरान संगठन के पदाधिकारी हरेंद्र बागड़े, जितेन्द्र चित्रीव, युगोल किशोर लिल्हारे, कुसाम सर, शंकर लाल आचरे, बी.एल नारनौरे, जेपी कातरे, विजय कुमार सुखदेवे, नकूल प्रसाद कृपगये, कुलदीप डोमने,योगेंद्र धुवारे, नरेंद्र चौहान, मानीकराम पटले,चैनलाल ठाकरे, शैलेश क्षीरसागर, निरंजन लिल्हारे, भूषण वाघाडे,कोमल देशमुख, डेविड नेवरगड़े सहित अन्य सचिव,रोजगार सहायक एंव संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।